दिनांकः 31.03.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–किसानों की खुशहाली प्रदेश की समृद्धि का मूल आधार–'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट' के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली।
- जनगणना 2027 के कल से शुरू होने वाले पहले चरण के लिए सरकार ने 33 प्रश्नों को अधिसूचित किया।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के तीनों संकायों का परिणाम आज जारी किया जाएगा।
- राज्य में पश्चिम विक्षोभ के असर से कई भागों में आंधी–बारिश–कुछ स्थानों पर ओले गिरे।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि किसानों की खुशहाली प्रदेश की समृद्धि का मूल आधार है। उन्होंने कहा कि नई तकनीक की जानकारी से फसल उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री कल जयपुर में 'ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–2026'–ग्राम के संबंध में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। मई के दूसरे पखवाड़े में होने वाले इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री शर्मा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय के साथ काम करने और देश–विदेश के कृषि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों को इससे जोड़ने को कहा। मुख्यमंत्री ने गांव–गांव अभियान चलाकर किसानों को जागरुक करने, प्रगतिशील किसानों, पशुपालकों, डेयरी और मत्स्य पालकों को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए।

000

राज्य सरकार, तीर्थराज पुष्कर में सुविधाएं बढ़ाकर इसे भव्य स्वरूप देने के साथ ही वैश्विक पर्यटन स्थल के तौर पर स्थापित करेगी। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पुष्कर से आए साधु संतों और जनप्रतिनिधियों के दल ने विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि पुष्कर के घाटों के सौंदर्यकरण के साथ ही पौराणिक विरासत के संरक्षण के प्रयास किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पुष्कर के समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से काम कर रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का संस्कृति के प्रति जुड़ाव और अधिक मजबूत हो सकेगा तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित जनप्रतिनिधि तथा पुष्कर के स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

000

देशभर में जनगणना 2027 का पहला चरण कल से शुरू होगा। इस चरण में पूछे जाने वाले 33 प्रश्नों को सरकार ने अधिसूचित किया है। नई दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में घर–घर जाकर सूचीकरण और स्व–गणना की प्रक्रिया पूरी होगी। यह चरण राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा तय कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि जाति आधारित गिनती जनगणना के दूसरे चरण में की जाएगी।

000

सेना ने अग्निवीर और रेगुलर कैडर के सैनिक के तौर पर शामिल होने के लिए पंजीकरण को 10 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। सेना की विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में सेना से जोड़ने के लिए ये तारीख बढ़ाई गई है।

इच्छुक युवा पंजीकरण के लिए जेआईए यानि ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित सेना भर्ती कार्यालय से भी सम्पर्क किया जा सकता है।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–आरबीएसई की 12वीं कक्षा का परिणाम आज जारी किया जाएगा। सीनियर सैकण्डरी के कला, विज्ञान और वाणिज्य तीनों संकायों के नतीजे सुबह दस बजे जारी किये जाएंगे। हमारी अजमेर संवाददाता ने बताया कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ये परिणाम जारी करेंगे।

000

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में कल से नये शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हो रही है। इस वर्ष से नया सत्र पहली बार एक अप्रैल से शुरू किया जा रहा है। सत्रारंभ के साथ शिक्षारंभ' के संदेश के साथ शुरू होने वाले सत्र में नामांकन बढ़ाने, ड्रॅापआउट दर कम करने और प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने के लिए विशेष तौर पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। शिक्षा विभाग के इस ''सघन अभियान'' के दौरान 6, 10 और 15 अप्रैल को हर घर तक शिक्षाकर्मी पहुंचकर 3 से 18 साल तक के बच्चों का चिन्हिकरण करेंगे। इस साल पहले दिन ही सभी विद्यालयों में शिक्षण कार्य भी पूरी तरह से शुरू किया जाएगा। इसके लिए पाठ्य पुस्तकों और अन्य सहायक साधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए 16 अप्रैल से डिजिटल स्वास्थ्य जांच अभियान भी चलाया जाएगा।

000

देश के कई हिस्सों में आज भी जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर, भगवान महावीर की जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर भगवान महावीर की विशेष अराधना कर प्रभात फेरियां और रथयात्राएं निकाली जा रही हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने महावीर जयंती पर देशवासियों और जैन समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती मुर्मु ने अपने संदेश में कहा कि भगवान महावीर के पांच सिद्धांत–अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह–जीवन में सत्य पथ चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भगवान महावीर के विचार सदैव मानवता के पथ–प्रदर्शक बने रहेंगे।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भगवान महावीर जयंती के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए उनके सिद्धांतों को मौजूदा दौर के लिए भी प्रासंगिक बताया।

000

हनुमानगढ़ के नोहर में कल रात एक सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मृत्यु हो गई और 18 लोग घायल हो गये। जिले के भूकरका–भद्रकाली मार्ग पर दो लग्ज़री गाड़ियों की आमने–सामने की टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हताहतों को स्थानीय लोगों की मदद से नोहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से चार गंभीर घायलों को हनुमानगढ रैफर किया गया।

000

पश्चिम विक्षोभ के असर से राज्य के कई भागों में मौसम में एक आर फिर बदलाव देखा जा रहा है। दक्षिणी और पूर्वी जिलों के साथ ही पश्चिमी भागों में भी कई जगह बीते 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश हुई। आंधी–बारिश और बादल छाए रहने से प्रदेश के ज्यादातर शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अजमेर, सीकर, कोटा, डबोक, बाड़मेर, जोधपुर, फलौदी, बीकानेर और चूरू सहित अन्य कुछ शहरों में बारिश हुई। कोटा में सबसे ज्यादा करीब एक इंच बरसात हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि बारिश के दौरान तेज हवाएं चलने से जिले में कई स्थानों पर पेड़ गिर गए।

000

नागौर के ग्रामीण इलाकों में ओलावृष्टि के कारण ईसबगोल की फसल को नुकसान हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिमी राजस्थान और आसपास के क्षेत्र के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है। इसके असर से भी आज भी शेखावाटी क्षेत्र, जयपुर, भरतपुर व कोटा संभाग के कुछ भागों में कहीं–कहीं हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है।

000